# डी.एल.एड. सत्र 2026–28 के नामांकन में स्लाइड–अप संबंधी सूचना

डी.एल.एड. सत्र 2026–28 में नामांकन के क्रम में **स्लाइड–अप** के लिए इच्छुक अभ्यर्थी नामांकन के समय रु. 3000/– का डी.डी. जमा करेंगे। स्लाइड–अप के बाद अन्य संस्थान में यदि नामांकन नहीं होता है और डायट पटना में ही नामांकन लेना चाहते हैं तो आपकी कोटि के अनुसार निर्धारित शुल्क की शेष राशि अगले चरण के नामांकन की तिथि के अन्तर्गत संस्थान में जमा कराना आवश्यक होगा। ऐसा नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि आप डायट पटना में नामांकन के इच्छुक नहीं हैं और आपकी सीट रिक्त करते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पोर्टल पर अपडेट कर दिया जाएगा और आपका डायट पटना में नामांकन संबंधी दावा समाप्त हो जाएगा।

ऐसे अभ्यर्थी जो डायट पटना, बिक्रम में नामांकन के इच्छुक हैं और जिन्हें स्लाइड–अप नहीं कराना है, वे अपनी कोटि के अनुसार निर्धारित शुल्क जमा करेंगे।

24.08.26

प्राचार्य

डायट पटना, बिक्रम

# स्लाइड–अप प्रक्रिया संबंधी BSEB का निर्देश

10. स्लाइड अप (Slide Up) प्रक्रिया :– वैसे आवेदक, जो प्रथम चरण में निचली प्राथमिकता वाले संस्थान में चुने जाने पर संतुष्ट नहीं है, वे अपने आवंटित संस्थान में नामांकन के उपरांत निर्धारित अवधि तक पोर्टल के माध्यम से Student Login में जाकर अपने द्वारा दिए गए उच्च प्राथमिकता वाले संस्थानों में नामांकन की संभावना हेतु Slide Up विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। द्रष्टव्य है कि द्वितीय सूची में आवेदक का नाम चयनित होने के साथ ही उनका स्थान पूर्व आवंटित संस्थान की प्रथम सूची से रिक्त हो जाएगा।

11. जिन आवेदकों को प्रथम चरण में जो प्रशिक्षण संस्थान आवंटित हुआ है वे अनिवार्य रूप से 3000/–(तीन हजार रुपया) मात्र सुरक्षा राशि आवंटित संस्थान में जमा कर नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे। तदुपरांत संस्थान द्वारा पोर्टल पर नामांकन का Updation** किए जाने के बाद ही आवेदक के Slide Up के विकल्प का उपयोग मान्य होगा।

12. जो आवेदक सूचना पत्र पर आवंटित संस्थान में निर्धारित अवधि तक नामांकन नहीं लेते हैं, वैसे आवेदकों का अभ्यर्थित्व अगले चरणों के लिए स्वतः समाप्त हो जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों का नाम अगले चरण के लिए अग्रसारित नहीं किया जाएगा।

(विज्ञप्ति संख्या 181/2026)